भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2968

बुधवार, दिनांक 05 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

झारखंड में बायो एनर्जी क्लस्टर

2968. डॉ. निशिकान्त दुबे:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा विशेष रूप से झारखंड में नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों/परियोजनाओं की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए कोई सौर पार्क, पवन ऊर्जा परियोजना या जैव-ऊर्जा क्लस्टर योजना कार्यान्वित की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गोड्डा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में सौर ऊर्जा आधारित कृषि पंपों, रूफटॉप सोलर प्लांटों या प्रधान मंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) के घटकों के संबंध में कोई विशेष पहल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सौर ऊर्जा, बायोमास और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं और तकनीकी कामगारों के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के कितने अवसर सृजित किए गए हैं; और

(घ) क्या गोड्डा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ऐसा कोई रोजगार सृजन कार्यक्रम चलाया गया है/चलाए जाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) "सौर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं का विकास" के लिए योजना के अंतर्गत, सरकार ने 872 मेगावाट की कुल क्षमता के चार सौर पार्क - 3 सौर पार्क झारखंड तथा 1 सौर पार्क आंशिक रूप से झारखंड और पश्चिम बंगाल में, स्वीकृत किए हैं।

देश में पवन विद्युत परियोजनाएं निजी कंपनियों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन के आधार पर स्थापित की जा रही हैं। वर्तमान में, सरकार द्वारा तटीय पवन विद्युत परियोजनाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सब्सिडी/प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु कोई योजना कार्यान्वित नहीं की जा रही है।

झारखंड में जैव ऊर्जा क्लस्टरों को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना कार्यान्वित नहीं की जा रही है। तथापि, झारखंड राज्य में अपशिष्ट से ऊर्जा कार्यक्रम के अंतर्गत 1.04 MWeq क्षमता की एक अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजना और बायोमास कार्यक्रम के अंतर्गत 19.1 MW की कुल क्षमता की पांच गैर-खोई सह-उत्पादन परियोजनाएं चालू की गई हैं।

(ख) सरकार कृषि में सौरीकरण के लिए पीएम-किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) और झारखंड में गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश भर में आवासीय क्षेत्र में रूफटॉप सोलर सिस्टम (आरटीएस) की स्थापना के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीएमबीवाई)का कार्यान्वयन कर रही है।

पीएम-कुसुम के तहत, झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (जेआरईडीए) से प्राप्त सूचना के अनुसार, गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में योजना के घटक-ख के तहत 7,109 सौर पंप स्थापित किए गए हैं।

पीएमएसजीएमबीवाई के तहत, दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार गोड्डा जिले में 34 आरटीएस, देवघर जिले में 444 आरटीएस और दुमका जिले में 21 आरटीएस स्थापित किए गए हैं।

(ग) जेआरईडीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 729 प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं।

(घ) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत, कुल 7324 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है जिसमें झारखंड राज्य की गोड्डा लोक सभा क्षेत्र से 373 शामिल हैं।

*****